>

Title: Need to accord permission for allocation of natural gas by ONGC to gas-based industries in Gujarat.

श्री नारनभाई कछाड़िया (अमरेली): सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से हमारे गुजरात में स्टॉक में तैयार पड़े हुए नेचुरल गैस के भण्डार की ओर आकर्षित करते हुए यह कहना चाहूँगा कि गुजरात में बहुत सी उत्पादन कंपनियां ऐसी हैं जो गैस आधारित हैं। गैस के बिना यह कंपनियाँ नहीं चलाई जा सकती है। हमारे गुजरात में ओ.एन.जी.सी. जैसे महारत्न कंपनियां होने से भारी मात्रा में नेचुरल गैस तैयार पड़ा हुआ है, लेकिन इस गैस का आवंटन बंद है जबकि ओ.एन.जी.सी. ने तैयार गैस के बारे में पेट्रोलियम मंत्रालय को लिखकर भेज दिया है कि किस जोन में कितना तैयार गैस पड़ा हुआ है। लेकिन पेट्रोलियम मंत्रालय को ओ.एन.जी.सी. के लिखने के बाद भी कोई अनुमति पत्र प्राप्त नहीं हुआ है। इससे गुजरात के व्यापारी परेशान हो रहे हैं और ओ.एन.जी.सी. को भी नुकसान उठाना पड़ रहा है और इससे हमारे देश के राजस्व को भी घाटा हो रहा है। इसलिए मैं यहां माननीय मंत्री महोदय जी से यह आग्रह करना चाहूंगा कि जल्द से जल्द गुजरात में तैयार नेचुरल गैस के आवंटन के लिए अनुमति दी जाए ताकि वहां के परेशान व्यापारियों को रोजगार एवं देश को राजस्व का घाटा होने से बचाया जा सके।